हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(दशम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 2 दिसम्बर, 2015/11 अग्रहायण, 1937 (शक्)

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री].

कुल प्रश्न - 10

एफ0 सी0 ए0 के कारण लम्बित योजनाएं

1085 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा जिला कुल्लू में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के 6th Circle के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता की किन-किन योजनाओं को स्वीकृति दी गई; ब्यौरा दें;

(ख) कौन-कौन सी योजनाएं FCA Clearance के उपरान्त कार्यान्वित हो रही हैं और कौन-कौन सी लम्बित पड़ी हैं और किस-किस Stage पर हैं; और

(ग) सरकार लम्बित योजनाएं कब तक स्वीकृत करने का विचार रखती है ?

कदनवाला उठाऊ पेयजल योजना

1086 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) जिला मण्डी में कदनवाला उठाऊ पेयजल योजना NABARD के अन्तर्गत कब स्वीकृत की गई; इसके निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) सरकार क्या इस योजना को पूर्ण करने हेतु कोई समय सीमा निर्धारित करेगी; यदि हां, तो कब तक?

कसोल-ग्राहण सड़क

1087 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि विधायक प्राथमिकता में ली गई कसोल-ग्राहण सड़क Joint Inspection के उपरान्त वन अधिकार समिति का प्रस्ताव प्राप्त न होने के कारण लम्बित पड़ी है;

(ख) यह भी सत्य है कि अनेक बार आग्रह करने के उपरान्त पंचायत में वन अधिकार समिति का गठन नहीं किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार जिलाधीश कुल्लू को तत्काल वन अधिकार समिति के गठन हेतु आदेश देगी?

धनराशि का आबंटन

1088 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में उद्यान विभाग के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनाएं चल रही हैं;

(ख) इन योजनाओं के अन्तर्गत जिला बिलासपुर को कितनी धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) इस आबंटित धनराशि में से कितना धन कहां-कहां खर्च किया गया; ब्यौरा योजनावार दें?

धनराशि का आबंटन

1089 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कृषि विभाग के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं;

(ख) इस वित्तीय वर्ष में जिला बिलासपुर को इन योजनाओं के अन्तर्गत कितनी-कितनी धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ग) इस आबंटित धनराशि को कहां-कहां और कितना-कितना व्यय किया गया; ब्यौरा व्यय की गई धनराशि का कार्यवार दें?

निर्माणाधीन योजनाएं

1090 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत जिला बिलासपुर में कौन-कौन सी योजनाएं निर्माणाधीन हैं;

(ख) इन योजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में कितना-कितना धन आबंटित किया गया; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ग) ये योजनाएं कब तक बन कर तैयार हो जाएंगी ?

बस अड्डे का निर्माण

1091 **श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार भंजराड़ू बस अड्डे का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार भंजराड़ू से शिमला, चम्बा से शिमला वातानुकूलित बस(एसी) तथा चम्बा से मंगली सरकारी बस सेवा जन हित में चलाने पर विचार करेगी; यदि हां, तो कब तक?

मानदेय में बढ़ौतरी

1092 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कितने शिक्षा प्रेरकों को प्रौढ़ शिक्षा के लिए लगाया गया है; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार इन शिक्षा प्रेरकों के भविष्य को देखते हुए क्या इनके मानदेय को बढ़ाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें; और

(ग) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने शिक्षा प्रेरक काम कर रहे हैं; ब्यौरा शिक्षा प्रेरक का पंचायतवार दें ?

पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना

1093 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला चम्बा में BASP योजना के अंतर्गत कितनी धनराशि राज्य कोष में जमा है; इस धनराशि का दिनांक 7-11-2015 तक के आबंटन का ब्यौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्रवार दें; और

(ख) इस अवधि में चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में BASP के अंतर्गत कितनी धनराशि खर्च की गई; ब्यौरा पंचायतवार दें ?

अवैध कब्जे

1094 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क)वर्तमान में जिला कुल्लू में वन एवं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के कितने मामले सरकार के संज्ञान में हैं; ब्यौरा कब्जाधारियों के नाम, पते सहित दें; और

(ख) जिला कुल्लू में कितने मामले ऐसे हैं जिनमें न्यायालय ने अवैध कब्जाधारियों को वन व सरकारी भूमि से बेदखल करने के आदेश दिये हैं; ब्यौरा उनके नाम व पते सहित दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**

दिनांकः 21 नवम्बर, 2015. **सचिव।**